# संजीवनी क्रेडिट कॉ-आपरेटिव घोटाले का मास्टरमांइड सहित पांच आरोपी गिरफ्तार

> ■ अच्छे रिटर्न सहित गोल्ड व शील्वर कॉईन का प्रलोभन देकर करवाते थे निवेश

**कोटा, (निसं)।** रेलवे कॉलोनी पुलिस टीम ने थानें मे दर्ज संजीवनी क्रेडिट कॉ-ऑपरेटिव सोसायटी घोटाले के मामले मे कार्यवाही करते हुए सोसायटी घोटाले का मास्टरमाइंड और सोसायटी के पहले मैनेजिंग डायरेक्टर विक्रम सिंह सहित पांच जनो को गिरफ्तार किया है। यह सोसायटी निवेशको को अच्छे रिटर्न सहित गोल्ड व सिल्वर कॉईन का प्रलोभन देकर निवेश करवाती थी।

शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि 3 नवंबर 2022 को फरियादी भूरी बाई ने रेलवे कॉलोनी थाने में एक रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि उसका परिचित हंसराज पांचाल उसको मिला और उससे कहा कि संजीवनी क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी लिमिटेड मे पोलिसी होती है जो पोलिसी सोसायटी का ऐजंट गोविन्द बैरवा करवाता है। पोलिसी में पांच वर्ष में रकम दुगनी हो जाती है ऐजेन्ट गोविन्द बैरवा को जानता हुं और गोविन्द की पत्नी उस ब्रांच की मैनेजर है।

**ये थी घटना:-** शहर एसपी ने कहा कि फरियादी महिला ने शिकायत में कहा कि 8 मार्च 2016 को हंसराज पांचाल व गोविन्द बैरवा के आश्वासन पर भरोसा करते हुए 1 लाख रूपये की पोलिसी करवाई और पांच वर्ष बाद 2021 मे पोलिसी मैच्यूरिटी होने पर जब महिला ने रकम के लिये संपर्क किया तो आरोपियों ने यह कहते हुए रकम देने से इंकार कर दिया कि सोसायटी भाग गई।

फरियादी ने 2022 में भी गोविन्द बैरवा से संपर्क कर राशि लौटाने की मांग की तो आरोपी गोविन्द बैरवा ने रकम लौटाने से इंकार कर दिया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया।

पुलिस ने मामले में कार्यवाही करते हुए मास्टरमाइंड ईन्द्रोई थाना रामसर जिला बाड़मेर निवासी विक्रम सिंह, जिला बाड़मेर के लीलरिया धोरा थाना सदर निवासी किशन सिंह, जिला बाड़मेर के बेरियो का वास राय कॉलोनी निवासी नरेश सोनी, सगरा थाना डेंचू जिला जोधपुर निवासी शैतान सिंह एवं भादरिया थाना लाठी जिला जालौच निवासी देवीसिंह को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

**जांच में हुआ खुलासा:-** शहर एसपी ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्यवाही के लिये टीम का गठन किया। पुलिस जांच के दौरान सामने आया कि संजीवनी क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी को राजस्थान सोसाइटी एक्ट के तहत 2008 में रजिस्टर्ड कराया था और 2010 में सोसायटी मल्टी स्टेट कॉपरेटिव सोसायटी के रूप में बदल गई। सोसायटी में निवेश करने वालो को अच्छे रिर्टन के साथ विदेश यात्रा, गोल्ड व सिल्वर कॉइन आदि गिफ्ट का प्रलोभन देकर ठगने का कार्य होता था।

# विश्व सिंधी सेवा संगम की कार्यकारिणी गठित

**कोटा, (निसं)।** विश्व सिंधी सेवा संगम के कोटा चैप्टर के अध्यक्ष प्रेम भाटिया ने वर्ष 2025 की कार्यकारिणी का गठन किया है और यह निर्णय लिया है कि प्रतिमाह सिंधी साहित्य, संस्कृति और समर्पण से जुड़े कार्यों पर आधारित एक डिजिटल प्रतियोगिता कराई जाएगी, जिसकी शुरुआत 76वे गणतंत्र दिवस पर सेल्फी विद तिरंगी सिंधी डिश के साथ की जा रही हैं। सर्वश्रेष्ठ 11 विजेताओं को विश्व सिंधी सेवा संगम भाटिया एंड कंपनी के सौजन्य से पुरस्कृत करेगा। विश्व सिंधी सेवा संगम के निदेशक मीडिया किशन रतनानी ने बताया की नवगठित कार्यकारिणी में रमेश आहूजा को उपाध्यक्ष, निर्मला आहूजा को सांस्कृतिक सचिव तथा डोली मदनानी को सलाहकार मनोनीत किया गया। इसके अलावा इस कोटा चैप्टर में राम मदनानी, भागचंद हेमनानी, विमल परियानी, संतोष करमचंदानी, बंसी साधवानी व बाबू भाई पंजवानी निदेशक होंगे। प्रतिमाह होने वाले विशेष कार्यक्रमों के लिए प्रोजेक्ट डायरेक्टर के रूप में पूनम रतनानी, शोभा परियानी, मोहन इसरानी, शंकर सुखवानी, रितु इसरानी, सुलोचना सुखवानी, जयदेव इसरानी, हरि प्रकाश पंजवानी, सुशील बूलचंदानी, वसंत वालेचा, सानिया बूलचंदानी, सविता साधवानी, आरती पंजवानी, राकेश हरसिंघानी, मीना दयानी, सपना हरिसिंघानी, सुशीला करमचंदानी, भारती हेमनानी, रीता पंजवानी को मनोनीत किया गया है। अध्यक्ष प्रेम भाटिया ने बताया कि इस वर्ष विश्व सिंधी सेवा संगम कोटा चैप्टर की ओर से प्रत्येक चार माह में एक डिजिटल पत्रिका ष्संगमष प्रकाशित की जाएगी, जिसमें साहित्य, संस्कृति और समर्पण अर्थात सेवा के कार्य का संगम सम्मिलित होगा। उन्होंने बताया कि आगामी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, साथ ही 29 मार्च 2025 से लेकर 14 अप्रैल 2025 तक 'सिंधियत पखवाड़ा' मनाया जाएगा, जिसके दौरान चेटीचंड और सिंधी भाषा दिवस के साथ-साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## मारपीट का फरार आरोपी गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** नांता पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए मारपीट के मामले में फरार चल रहे वांछित इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया। नांता थानाधिकारी नवल किशोर शर्मा ने बताया कि 28 दिसम्बर 2023 को फरियादी अशोक गुर्जर ने रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में कहा था कि ट्रैचिंग ग्राउंड में गार्ड की नौकरी करता है जिसके साथ दिनेश कान्हा गोविन्द अन्य उसके पास आये और उससे मारपीट की। पुलिस ने मामले में कार्यवाही करते हुए दिनेश ओढ, कान्हा यादव, छोटु उर्फ देवकीनन्दन, महावीर ओढ, प्रमोद ओढ एवं योगेश कश्यप को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। प्रकरण में वांछित आरोपी गोविन्द उर्फ गोविन्दा को गिरफ्तार कर लिया गया है।


# साईबर ठग द्वारा ठगी गई 7 लाख की राशि को पीड़िता के खाते में रिफंड कराया

> ■ सेवानिवृत सरकारी अध्यापिका से की ठगी

**कोटा, (निसं)।** रेलवे कॉलोनी पुलिस टीम ने सेवानिवृत सरकारी अध्यापिका के बैंक खाते से साईबर ठग द्वारा ठगी की शिकायत सामने आने पर आने पर कार्यवाही करते हुए ठगी गई राशि में से 7 लाख की राशि का संबधित बैंक अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर पीड़िता के खाते में रिफंड कराया गया।

शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि साईबर अपराधों की रोकथाम, अपराधियों की धरपकड़ एवं जागरूकता के लिये विशेष अभियान ऑपरेशन साईबर शील्ड चलाया जा रहा है। शहर एसपी ने बताया कि 18 दिसम्बर 2024 को बापू कॉलोनी निवासी सेवानिवृत सरकारी अध्यापिका ने रेलवे कॉलोनी थाने पर साईबर डेस्क पर शिकायत दी। फरियादी ने शिकायत में कहा कि सेवानिवृत पर मिले परिलाभों की रकम लगभग 10 लाख रूपये उसके बैंक खाते भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में जमा थी। फरियादी ने शिकायत में कहा कि अचानक से उसके मोबाईल पर रूपये कटौती के मैसेज प्राप्त होने लगे और उसके खाते से 10 लाख रूपये डेबिट हो गये, फरियादी की शिकायत को साईबर पोर्टल पर दर्ज की गई।

शहर एसपी ने कहा कि ममाले में रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा के नेतृत्व में साईबर हेल्प डेस्क प्रभारी एवं साईबर एक्सपर्ट कांस्टेबल महेश यादव द्वारा पीड़िता से साईबर ठगो द्वारा ठगी गई राशि में से कुल 7 लाख की राशि को साईबर पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज की जाकर संबधित बैंक अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर रकम को होल्ड कराया जाकर संदिग्ध बैंक खातो से पीड़िता के खाते में रिफंड कराया गया।






**श्री ओम बिरला**
माननीय लोकसभा अध्यक्ष

# कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

## शहर वासियों के सपनों में रंग भरने के लिए कोटा विकास प्राधिकरण लाया है



**श्री झाबर सिंह खर्रा**
माननीय नगरीय विकास, स्वायत्त शासन एवं आवासन मंत्री, राज. सरकार



**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार

## रामनगर स्पेशल (आवासीय योजना)

### कुल भूखण्ड : 131

**आवेदन पत्र विक्रय आरम्भ की तिथि : 1 जनवरी 2025**
**आवेदन पत्र जमा कराने की अन्तिम तिथि : 31 जनवरी 2025**

| क्र.सं. | श्रेणी | भूखण्डों की संख्या | भूखण्डों की माप (मीटर में) | क्षेत्रफल (वर्गमीटर) | क्षेत्रफल (वर्गफीट) | अनुमानित कीमत | पंजीयन राशि | पात्रता हेतु आय वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | EWS | Block- A एवं Block- B 122 | 4.5 X 9 | 40.5 | 435.78 | 457569/- | 45000/- | Up to 3 लाख |
| 2. | MIG-A | 09 | 7.5 X 15 | 112.5 | 1210.50 | 25,42,050/- | 254000/- | 6 से 12 लाख |

आवेदन पत्र बैक ऑफ इण्डिया की किसी भी शाखा से उक्त अवधि में प्राप्त एवं जमा किये जा सकते है।

**योजना स्थल :-** रामनगर स्पेशल (आवासीय योजना) चम्बल रिवर फ्रंट से लगभग 5 किलोमीटर, कोचिंग हब से 4.5 किलोमीटर एवं प्रस्तावित ग्रीन फील्ड न्यू एयरपोर्ट से लगभग 10 किमी. की दूरी पर स्थित।

## कुन्द-कुन्द आवासीय योजना (निर्मित आवास)

### कुल आवास : 302

**आवेदन पत्र विक्रय आरम्भ की तिथि : 02 जनवरी 2025**
**आवेदन पत्र जमा कराने की अन्तिम तिथि : 03 फरवरी 2025**

| क्र.सं. | श्रेणी | आवास की साईज | क्षेत्रफल (वर्गफीट) | आवास की अनुमानित कीमत | पंजीयन राशि | पात्रता हेतु वार्षिक आय एवं वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | LIG | 4.5 X 12 मी. 54.00 वर्ग मीटर | 581.00 वर्ग फीट | 12,50,000/- | 1,27,000/- | 3 से 6 लाख |

आवेदन पत्र सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया की किसी भी शाखा से उक्त अवधि मे प्राप्त एवं जमा किये जा सकते है।

**योजना स्थल :-** कुन्द- कुन्द आवासीय योजना - चम्बल रिवर फ्रंट, कोचिंग हब कुन्हाडी, अभेडा बायोलोजिकल पार्क एवं बस स्टैण्ड से लगभग 3.5 किमी. की दूरी पर स्थित।

**हेल्प डेस्क : स्वागत कक्ष-एकल खिड़की, केडीए परिसर कोटा**

उक्त योजनाओं की आवेदन पुस्तिका हेल्प डेस्क पर भी उपलब्ध है।

**शुभकामनाओं सहित**

| सचिव | आयुक्त | अध्यक्ष |
|---|---|---|
| कोटा विकास प्राधिकरण | कोटा विकास प्राधिकरण | कोटा विकास प्राधिकरण |